**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.04.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**अक्षय तृतीया**

आज अक्षय तृतीया का पर्व देश भर में मनया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्षय तृतीया के पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि मानवता को समर्पित यह पावन पर्व सभी के लिए सफलता, संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आए और विकसित भारत के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी अक्षय तृतीया पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह शुभ अवसर लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए और मां लक्ष्मी की अनुकम्पा बनी रहे।

**गवई मुख्य न्यायाधीश नियुक्ति**

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 14 मई से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति गवई देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने की 13 तारीख को समाप्त हो रहा है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजधानी शिमला सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से सरकारी कार्यालयों को धर्मशाला में खाली पड़े भवनों में स्थानांतरित करने पर जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी। शिमला में उनसे मिलने आए धर्मशाला के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि धर्मशाला में खाली पड़े भवनों में सरकारी कार्यालयों को स्थानांतरित करने से सरकार पर वित्तीय बोझ कम होगा।

**एनसीएमसी**

हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में अब यात्री यूपीआई, क्रेडिट व डेबिट कार्ड सहित नैशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड एनसीएमसी से भी टिकट राशि का भुगतान कर सकेंगे। यह कार्ड जहां देश के अन्य राज्यों में भी चलाया जा सकेगा वहीं इस कार्ड से यात्री पार्किंग फीस सहित शॉपिंग भी कर सकेंगे।

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देते हुए कैशलैस सेवा को आसान बनाने के लिए एचआरटीसी की बसों में एनसीएमसी कार्ड की सुविधा शुरू की गई है। अब मैट्रो की तरह यात्री इस कार्ड का प्रयोग निगम की

बसों में भी कर सकेंगे। यह कार्ड मुम्बई, दिल्ली में भी चलेगा, जिससे यात्रियों को बसों व मेट्रो में किराया देने के लिए कैश की जरूरत नहीं होगी। विशेष बात यह कि इस कार्ड को चलाने के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं है और यह कार्ड सबसे अधिक वहां काम आएगा जहां इंटरनेट सेवा धीमी रहती है या इंटरनेट सुविधा ही नहीं है। निगम की बसों में चलने वाला यह एनसीएमसी कार्ड पहली बार मात्र 100 रुपए में बनेगा। इसके बाद व्यक्ति इसे अपने बैंक अकाउंट से रिचार्ज कर सकता है या फिर निगम के किसी भी बस काऊंटर में जाकर रिचार्ज करवा सकते हैं। कार्ड की वैधता 5 साल की होगी।

आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।

**बाली**

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा  है कि सरकार ने इस वर्ष एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है और प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा।  कांगड़ा में जन समस्याएं सुनने के बाद उन्होंने कहा कि हिम गंगा योजना को प्रथम चरण में पायलट आधार पर हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में आरम्भ किया गया है और मिल्कफैड द्वारा मंडी, कुल्लू व शिमला जिलों में एक सौ 20 स्वचालित और 32 डिजिटल दूग्ध संग्रहण इकाइयां स्थापित की गई हैं।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के गलत निर्णयों के कारण राज्य का शिक्षा विभाग लगातार तालाबंदी की ओर बढ़ रहा है। शिमला से जारी एक बयान में बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार सत्ता में आने के बाद अभी तक 15 सौ स्कूलों को बंद कर चुकी है जिससे अनेक बच्चे या तो पढ़ाई बीच में ही छोड़ने या फिर निजी स्कूलों में दाखिला लेने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने सत्ता संभालने के बाद आज तक विभाग में एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं की है, ऐसे में सरकार के शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के दावे झूठे हैं। उन्होंने शिक्षा निदेशालय के बंटवारे का भी विरोध किया।

**वेव्स 2025**

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स 2025 कल पहली मई से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम  श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढ़ावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

**दुर्घटना**

चम्बा जिला के सलूणी उपमंडल के तहत चम्बा–लंगेरा मार्ग पर शिरवास के पास कल एक पिकअप जीप के दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलटने में 20 से अधिक लोग घायल हो गए। इस जीप में 35 लोग सवार थे जो शादी समारोह के लिए किहार से लंगेरा जा रहे थे। घायलों का नागरिक अस्पताल किहार जबकि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों का मेडिकल कॉलेज चम्बा में उपचार चल रहा है।

इसके साथ ही यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।